International Journal for Multidisciplinary Research (IJFMR)
E-ISSN: 2582-2160 ● Website: www.ijfmr.com ● Email: editor@ijfmr.com

# सोशल मिडिया का युवाओ पर प्रभाव

**Aman Kumar Garhewal[1], Jiwan Lal[2], Babli[3], Kamlesh Kumar Khunte[4], Rishika Miri[5]**

[1]Department of Sociology, Atal Bihari Vajpayee Govt. College, Nagarda, Sakti (C.G.) 495 687, India
[2]Department of Botany, Atal Bihari Vajpayee Govt. College, Nagarda, Sakti (C.G.) 495 687
[3]Govt. Ramanuj Pratap Singhdev PG College, Baikunthpur, Koriya (C.G.) 497335
[4]Department of Hindi, Pt. Ravishankar Tripathi Govt. College, Bhaiyathan, Surajpur (C.G.) 497231
[5]Department of English, DLS PG College, Bilaspur (C.G.) 495001

**सारांश**
भारत एक विकासशील देश है जहा पर संचार क्रांति के साधन लगातार बढता जा रहा है | संचार क्रांति के इसी साधनों का एक स्रोत इन्टरनेट है| इन्टरनेट का उपयोग आधारित अनुप्रयोग का समुच सोशल मीडिया है | युवाओ पर सोशल मीडिया का प्रभाव एक गंभीर समस्या है एक ओर जहा पर डिजिटल तकनीक के प्रभाव का मूल्यांकन महत्वपूर्ण है, व्यक्ति ये प्रभाव उनके व्यस्क व्यवहार और भविष्य के समाजो के व्यवहारो कि आभार प्रदान करते है| सोशल मीडिया के लगातार उपयोग से युवाओ में सकारात्मक प्रभाव के साथ नकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिलता है, एक युवा जहा सोशल मीडिया में माध्यम से अपना भविष्य सवार रहे है, वही इसका दूसरी ओर उपयोग से युवा उन्ही का शिकार हो रहे है अगर सोशल मीडिया का उपयोग सही तरीके से किया जाये ओर एक सीमित समय के लिए किया जाये तो इसका बहुत फायदा युवाओ को मिल सकता है लेकिन इसका उपयोग दिन प्रतिदिन बढता जाए और युवा इसका उपयोग अनैतिक कार्यो के लिए करे तथा अत्यधिक समय के लिए करे तो विभिन्न समस्याए उत्पन्न होती है| सोशल मिडिया का उपयोग कैसे करना है किस प्रकार करना है इसको युवाओ को स्वयं समझने कि जरुरत है|

**Keywords:** इंटरनेट, डिजिटल, सोशल मीडिआ, संचार, युवा

**प्रस्तावना** :- भारत एक विकासशील देश है जहा पर संचार क्रांति के साधन लगातार बढता जा रहा है | संचार क्रांति के इसी साधनों का एक स्रोत इन्टरनेट है| इन्टरनेट का उपयोग आधारित अनुप्रयोग का समुच सोशल मीडिया है | सोशल मीडिया का प्रयोग वर्तमान में तेजी से बढता जा रहा है |इसके साथ ही इसका प्रभाव भी बढ रहा है | सोशल मीडिया का अधिकता प्रयोग युवा वर्ग करते है | जिसके कारण युवाओ में इसकी उपयोगिता बढती जा रही है | इसके साथ साथ युवाओ को जीवन शैली में परिवर्तन, अपराधो में वृद्धि के साथ ही सोशल मीडिया का सकारात्मक पहलुओ के साथ नकारात्मक पहलु का प्रभाव बढता जा रहा है (Shabir *et al*., 2014; Kusuma, 2020) |
जिस प्रकार से कोई भी समाज सरलता से जटिलता कि ओर जाता है | ठीक उसी प्रकार से भारतीय समाज सरलता से जटिलता कि ओर जा रहा है | जहा पर वर्तमान परिवेश में संचार क्रांति में युवाओ पर काफी प्रभाव डाला है इन्टरनेट जैसे साधनों का उपयोग आज बढता ही जा रहा है | जहा पर पहले समाचार पत्र, प्रिंट मीडिया का स्थान आज डिजिटल मीडिया ने ले लिया है (Shetty *et al*., 2015) | संचार के साधनों का विकास हुआ जिसमे | टेलीविजन, रेडिओ, मोबाइल, लैपटॉप, टेबलेट जैसे संचार के साधनों का अविष्कार हुआ | इसके अविष्कार के साथ - साथ

सोशल मीडिया का प्रभाव बढता गया | जैसे कि मीडिया हमको क़ई रूपों में जानकारी प्रदान करता है और लोगो के एक साथ एक जगह पर अपनी सूचनाये एवं जानकारी साझा करने का प्रयास करता है (Rani and Padmalosani, 2019; Nesi, 2020) |

संचार साधनों के विकास कि वजह आज डिजिटल गांवो कि अवधारणा बढती जा रही है | आज भारत देश में सोशल मीडिया एक बड़े बाजार के रूप में उभर रहा है

**सोशल मीडिया क्या है :-** सोशल मीडिया एक कंप्यूटर आधारित तकनीक है जो कि इन्टरनेट एवं नेटवर्क के मध्यम से विभिन्न समुदाय, विभिन्न लोगो के विचारो आवर सूचनाओ को एक जगह पर साझा करने का सुविधा प्रदान करता है सोशल मीडिया का प्रमुख आधार इन्टरनेट है | जिसके आधार से लोग अपनी वक्तिगत जानकारी फोटो विडियो एवं दस्तावेज जैसे सामग्री का त्वरिक इलेक्ट्रानिक संचार प्रदान करता है इसमें उपयोग उपयोग कर्ता वेब आधारित एप्लीकेशन और सोफ्टवेर के माध्यम से स्मार्ट फ़ोन कंप्यूटर लैपटॉप के मध्यम से सोशल मीडिया से जुड़े है

## कुछ महत्वपूर्ण सोशल मीडिया प्लेटफार्म

**व्हाटसअप (Whatsapp) :-** व्हाटसअप एक ऐसा मैसेजिंग एप है जिसकी मदद से आप अपने मोबाइल लेपटॉप से टेक्स,फोटो,विडियो,वौइस् मेसेज ओर लोकेशन भी शेयर कर सकते है| व्हाटसअप sms के विकल्प के तौर पार प्रारंभ किया गया था |

आज व्हाट्सप्प 21वीं सदी मे एक महत्वपूर्ण सोशल मेडिया प्लेटफॉर्म बन चुका है जिसके माध्यम से हम अपने मित्रों,रिस्तेदारों सभी को विडिओ कॉल कर सकते है | जिसमे समूह विडिओ कॉल साथ मे हम अन्य देश मे बैठे हमारे मित्रों से भी विडिओ कॉल कर सकते है आज हम सूचना के आदान प्रदान का सबसे बेहतर साधन मानते है|


**इन्स्टाग्राम (Instagram)** :- एक सोशल नेटवर्किंग प्लेटफार्म है जहा यूजर फोटो और विडियो शेयर कर सकता है ,जिसका उपयोग आज अधिकतर युवा reels, short video देखने के लिए करते है| एक सर्वे के अनुसार यह स्वतः चला है भारत मे इंस्टाग्राम का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है |युवा अपने दिन प्रतिदिन का उपयोग का विडिओ भी इसमे साझा करते है| यह कहा जा सकता है की इंस्टाग्राम का अधिक उपयोग युवा पीढ़ी अपने हुनर दिखाने के लिए करते है | एक आंकड़े के अनुसार भारत मे अभी लगभग 413.85 मिलियन उपयोगकर्ता है |इसमें वे अपने पसंदीदा अभिनेता, राजनेता खिलाड़ी आदि सभी के दिन प्रतिदिन के पोस्ट को देखते है |

**फेसबुक (Facebook)** :- Facebook प्रचलित सोशल मीडिया है जिसका उपयोग लोग किसी भी व्यक्ति के साथ अपनी जानकारी साझा कर सकते है ,ओर बात कर सकते है |फेसबुक के फाउंडर एक युवा मार्क जुकरबर्ग है जो स्वयं मे एक युवा है जो युवा पीढ़ी को क्या पसंद है क्या नहीं इसकी जानकारी रखते हुए हमेशा फेसबुक पर नई नई चीजे लाते रहते है | फेसबुक के बारे अगर बात करे तो अपने आस पास के मित्रों के प्रतिदिन मिल पाना संभव नहीं तो फेसबुक के माध्यम से हम अपने मित्रों से इस माध्यम से बात कर सकते है तथा अपने नये विचारों आइडिया को भी साझा कर सकते है |

**ट्विटर (Twitter)** :- एक सोशल मीडिया प्लेटफार्म है जहा आप विचारो समाचारों को साझा कर सकते है, 280 अक्षरों तक का छोटे सन्देश साझा कर सकते है ,अपने पसंदीदा प्लेटफार्म राजनेता अभिनेता के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते है मिक्रोब्लोगिंग भी कहते है |

**यूट्यूब (Youtube)** :- विडियो साझा करने का सबसे बड़ा प्लेटफार्म है विडियो के माध्यम से दुनिया भर कि जानकारी प्रदान करना और देखना | साथ ही यह ऐसा सोशल मीडिया साइट है जहा पर हजारों व्यक्ति अपना रोजगार चला रहे है |यूट्यूब आज के समय पैसा कमाने का सबसे अच्छा साधन है आज युवा पीढ़ी ऑनलाइन गेम

खेल के अपना विडिओ पोस्ट करके, शिक्षा के क्षेत्र मे अपनी जानकारी साझा करके अनलाइन क्लास ले के छोटे छोटे विडिओ को साझा करके यूट्यूब से लाखों रुपए कमा रहे है | एक ट्रक ड्राइवर,सब्जी बेचने वाले से लेकर एक अभिनेता भी यूट्यूब मे विडिओ साझा करके अपने उपयोगकर्ताओ का मनोरंजन कर पैसा कमा रहे है |
यूट्यूब रोजगार का एक महत्वपूर्ण साधन बन चुका है प्रत्येक व्यक्ति जो इंटरनेट से जुड़े हुए है पहले अपने मोबाईल मे यूट्यूब open करते है




वर्तमान समय मे सोशल मीडिया सम्बंधित बहुत सारी प्लेटफार्म है जिसका उपयोग आज तेजी से बढ़ रहा है | snapchat, tiktok जैसे कुछ महत्वपूर्ण प्लेटफार्म है |

**युवाओ पार सोशल मीडिया का प्रभाव :-** भारत एक विकसित देश है और विकास के इस गति में प्रतिदिन नई तकनीके आ रही है | और इसका अधिकत्तर उपयोग युवाओ के द्वारा किया जा रहा है | क्योकि भारत एक युवाओ का देश है | जहा युवाओ कि संख्या अत्यधिक है सोशल मीडिया का उपयोग युवाओ द्वारा अत्यधिक किया जा रहा है चाहे वह मनोरजन के रूम में हो या समाचार, ऑनलाइन गेमिग, डिजिटल मिडिया, आदि उपयोग युवायो द्वारा किया जा रहा है | जिसका युवाओ पर सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभाव पद रहा है |

**सकारात्मक प्रभाव :-**

1. **शिक्षा के छेत्र में** :- शिक्षा के झेत्र में युवाओ पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है |कोविड के आने से लॉकडाउन जैसी समस्या ने युवाओ पर ऑनलाइन पड़ने कि सुविधा उत्पन्न करा दी | यूट्यूब शिक्षा का एक अच्छा माध्यम है यूट्यूब से हमें विभिन्न पाठ्यक्रमो विषयो के हजारो विडियो व्याख्यान उपलब्ध है | जिसके माध्यम से बच्चे प्रतियोगी परीक्षा का तैयारी कर पा रहे है |
2. **रोजगार के साधन** :- आजकल युवा सोशल मिडिया के उपयोग कर के आत्मनिर्भर बनते जा रहे है | यूट्यूब जैसे सोशल मिडिया प्लेटफार्म जहा पर लोग blog, vlog, online gaming, से अच्छे खासे पैसा कमाकर अपना खर्चा चला रहे है | कई युवा इन सोशल मिडिया साईट के माध्यम से अपना कैरियर बना चुके है |
3. **युवाओ के लिए एक मंच प्रदान करना** :- सोशल मिडिया का प्रभाव लगातार युवाओ में बढता जा रहा हा | युवा अब अपनी मांगे सरका के समझ ऑनलाइन सोशाल मिडिया के माध्यम से रख सकते है इंटरनेट के माध्यम से सभी के सामने अपनी मांगे रखना और अपनी बात पहुचना जिससे युवाओ में सर्वजनिक रूम से बोलने का आत्मविश्वाश भी हो रहा है |
4. **दूरस्थ संपर्क** :- फेसबुक और ट्विटर जैसे सोशल मिडिया मंच युवाओ को दूर बैठे अपने मित्रो परिवारों के साथ सामाजिक संपर्क स्थापित करता है | इन सोशल मिडिया साइटो के माध्यम से लोग अपने साथियों से संपर्क

स्थापित कर उनके सम्बंधित जानकारी प्राप्त कर सकते है
5. परीक्षा के तैयारी के लिए जहा युवा दिल्ली कलकत्ता, बंबई जैसे बड़े बड़े शहरों मे उच्च शिक्षा के तलाश मे जाते थे आज वे सभी हमे इंटरनेट के मध्यम से घरों मे मिल रहे है जिससे की बड़े बड़े exam की तैयारी घर बैठे कर पा रहे है | जिससे की गरीब परिवारों की आर्थिक तंगी का बोझ कम हो रहा है | और आज युवा पीढ़ी अपने बेहतर भविष्य के लिए घर मे रहकर IAS, PSC, RAILWAY, SSC, NET, JRF, जैसे बड़े बड़े exam की तैयारी कर पा रहे है |

**नकारात्मक प्रभाव :-**

1. **साइबर अपराध** :- सोशल मीडिया के उपयोग से साइबर अपराध बड़ते जा रहा है | युवा अत्यधिक लाभ के लालच में फैक अकाउंट बना कर लोगो को बहलाना फुसलाना तथा उनको तस्वीरें व sms के आधार पर ब्लैकमेल करना जिसमे इस्टाग्राम, फेसबुक, स्नेपचैट, जैसे सोशल मीडिया साइटो में युवा एक से एक से अधिक फेक अकाउंट बनाकर अपराधिक लिस्ट में बड़ते जा रहे है|
2. **सामाजिक दुरी बड गई**:- सोशल मीडिया साइटो के माध्यम से युवाओ कि आदतन दिनचर्य परवर्तित हो नयी है जो सोशल मीडिया में ही अपना समय उसी में बिता देते है यहाँ पर सामाजिक सम्बन्ध का महत्त्व नहीं देते माता-पिता, भाई-बहन, अपने परिवारों के साथ समय नहीं बिताते जिसमे सामाजिक दुरी बढती जा रही है |
3. **साइबर बुलिंग** :- इसमें गंभीर समस्याए पैदा हो रही है इसमे युवाओ में आत्महत्याए के मामले भी आ रहे है, सोशल मिडिया का अधिक उपयोग करके युवा जाने – अनजाने में अपनी पर्सनल जानकारी इनप्लेटफार्मो में साझा का बैठते है, जिससे अन्य लोग इसका फायदा उठा कर युवाओ को ब्लाकमेलकरते है और मादक पदार्थो का सेवन भी बढता रहा है |
4. **स्वास्थ्य समस्याये** :- सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से वास्तविक दुनिया के गतिविधियों में कम से कम समय व्यतीत करते है, सोशल मीडिया में SHORT विडियो को स्क्रोल करते है ये गंभी आदते जिससे वैम्पिंग ( VOMPING ) कहा जाता है |इसके कारण नींद कि समस्या उत्पन्न होती है, जो कि धीरे धीरे गंभीर बीमारी पैदा कर देती है |
5. **यौन उत्पीड़न** :- सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोक से युवाओ में लगातार इसका प्रभाव देखने को मिला है, लड़कियां अपने फैन को बढ़ने के लिए फोटो विडियो अपलोड करते है | अपने ऑनलाइन मित्रो को भेजते है, जिससे बाद में इसका दुरूपयोग करके लडकियों को यौन उत्पीड़न के लिए ब्लैकमेल करते है, तथा उन्हें अन्य स्थानों में अकेले आने को बोलते है | गलत कम किया जाता है |

**निष्कर्ष :-**

युवाओ पर सोशल मीडिया का प्रभाव एक गंभीर समस्या है एक ओर जहा पर डिजिटल तकनीक के प्रभाव का मूल्यांकन महत्वपूर्ण है, व्यक्ति ये प्रभाव उनके व्यस्क व्यवहार और भविष्य के समाजो के व्यवहारो कि आभार प्रदान करते है| सोशल मीडिया के लगातार उपयोग से युवाओ में सकारात्मक प्रभाव के साथ नकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिलता है, एक युवा जहा सोशल मीडिया में माध्यम से अपना भविष्य सवार रहे है, वही इसका दूसरी ओर उपयोग से युवा उन्ही का शिकार हो रहे है अगर सोशल मीडिया का उपयोग सही तरीके से किया जाये ओर एक सीमित समय के लिए किया जाये तो इसका बहुत फायदा युवाओ को मिल सकता है लेकिन इसका उपयोग दिन प्रतिदिन बढता जाए और युवा इसका उपयोग अनैतिक कार्यो के लिए करे तथा अत्यधिक समय के लिए करे तो विभिन्न समस्याए उत्पन्न होती है| सोशल मिडिया का उपयोग कैसे करना है किस प्रकार करना है इसको युवाओ को

स्वयं समझने कि जरुरत है|

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

Shabir, G., Hameed, Y.M.Y., Safdar, G. and Gilani, S.M.F.S., 2014. The impact of social media on youth: A case study of bahawalpur city. *Asian Journal of Social Sciences & Humanities*, *3*(4), pp.132-151.

Nesi, J., 2020. The impact of social media on youth mental health: challenges and opportunities. *North Carolina medical journal*, *81*(2), pp.116-121.

Shetty, A., Rosario, R. and Hyder, S., 2015. The impact of social media on youth. *International Journal of Innovative Research in Computer and Communication Engineering*, *3*(7), pp.379-383.

Rani, P.U. and Padmalosani, D., 2019. Impact of social media on youth. *Int J Innov Technol Explor Eng*, *8*(11), pp.786-7.

Kusuma, A., 2020. Impact of social media on youth. *Bournemouth University*, *6*.

प्रो एम एल गुप्ता /डी डी शर्मा " समकालीन भारत में सामाजिक समस्याएँ साहित्य भावन आगरा 2021 पृ 251

Www.dristiias.com " शोसल मीडिया और युवा "